Important Questions Class 6 Hindi Chapter 7 टिकट अल्बम

प्रश्न 1. नागराजन ने अलबम कहाँ से प्राप्त किया था ?

उत्तर : नागराजन को अलबम उसके मामा जी ने सिंगापुर से भेजा था।

प्रश्न 2. नागराजन के विषय में राजप्पा क्या कहा करता था ?

उत्तर : नागराजन के विषय में राजप्पा कहा करता था कि वह घमंडी हो गया है।

प्रश्न 3. नागराजन के मामा जी ने कहाँ से अलबम भिजवाया था ?

उत्तर : नागराजन के मामा जी ने सिंगापुर से अलबम भिजवाया था |

प्रश्न 4. मन ही मन कौन कुढ़ रहा था ?

उत्तर : मन ही मन राजप्पा कुढ़ रहा था |

प्रश्न 5. अपने अलबम से किसे चिढ़ हो रही थी ?

उत्तर : राजप्पा को अपने अलबम से चिढ़ हो रही थी |

प्रश्न 6. राजप्पा शनिवार और रविवार को किसकी खोज में लगा रहता ?

उत्तर : राजप्पा शनिवार और रविवार को टिकट की खोज में लगा रहता |

प्रश्न 7. अब राजप्पा के अलबम को कोई न देखता था। ऐसा क्यों ?

उत्तर : क्योंकि नागराजन के मामा जी ने सिंगापुर से एक अलबम भिजवाया था उसमें कई देशों की टिकटें थीं और वह अधिक आकर्षक था। उसके अलबम को देखने के लिए लड़कों की भीड़ लगी रहती थी इसलिए राजप्पा के अलबम को कोई नहीं पूछता था।

प्रश्न 8. किस ने अलबम को छिपा दिया? क्यों ?

उत्तर : राजप्पा ने अलबम को छिपा दिया था। वह अलबम नागराजन की थी। राजप्पा उसे चुरा लाया था। सब की नज़रों से दूर रखने के लिए उसने अलबम को छिपा दिया था।

प्रश्न 9. नागराजन की अलबम किस लड़की ने माँगी थी ? क्यों ?

उत्तर : नागराजन की अलबम लड़कियों में तेज़-तर्रार मानी जाने वाली पार्वती ने माँगी थी। लड़कियाँ उस अलबम को देखना चाहती थीं |

प्रश्न 10. अलबम छिपा देने के बाद राजप्पा की दशा कैसी हो गई ?

https://www.evidyarthi.in/

उत्तर : अलबम छिपा देने के बाद राजप्पा मन-ही-मन में डर रहा था। उसे डर था कि कहीं किसी को यह पता चल गया कि नागराजन की अलबम वह चुरा लाया था तो क्या होगा। इसी डर और मानसिक तनाव के कारण उसका शरीर जलने लगा था, गला सूखने लगा था और चेहरे पर तमतमाहट प्रकट होने लगी थी।

प्रश्न 11. राजप्पा ने नागराजन का टिकट-अलबम अँगीठी में क्यों डाल दिया?

उत्तर : अलबम चुराने के बाद राजप्पा बहुत डर गया, डर के मारे उसका चेहरा भी लाल पड़ गया था। पुलिस ना पकड़ ले इसलिए जब उसने बाहर की सांकल खटकने की आवाज सुनी तो वह घबरा गया, वह अलबम को लेकर घर के पिछवाड़े को भागा। उसने उसे बाथरूम में रखी हुई जलती अँगीठी में डाल दिया।

प्रश्न 12. राजप्पा अपने अलबम के लिए टिकट एकत्रित कैसे करता था ?

उत्तर : राजप्पा अपने अलबम के लिए टिकटें एकत्र करने के लिए खूब मेहनत करता था। वह अपने उन साथियों के पास जाता था जो टिकटें | एकत्र करते थे। उनसे दो ऑस्ट्रेलिया की टिकटों के बदले एक फिनलैंड और दो पाकिस्तान की टिकटों के बदले एक रूस का टिकट | ले लेता था। इसी प्रकार से कनाडा आदि देशों के टिकट भी वह एकत्र करता रहता था ।

https://www.evidyarthi.in/